बिहार सरकार

स्वास्थ्य विभाग

आदेश

सं0सं0–9/विविध–13–01/2025(स्वा0) ....................../ पटना, दिनांकः–................................

डॉ० विरेश्वर प्रसाद, चिकित्सा पदाधिकारी (मूर्च्छक), अनुमंडलीय अस्पताल, नरकटियागंज, पश्चिम चम्पारण द्वारा आवेदन समर्पित कर अवगत कराया गया कि विभागीय अधिसूचना सं०–499(9) दिनांक–12.05.2016 के द्वारा विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी (मूर्च्छक) के पद पर सदर अस्पताल, सिवान में प्रभार ग्रहण कर कार्य किया जा रहा था। विभागीय अधिसूचना सं०–547(17) दिनांक–19.09.2017 के आलोक में सीनियर रेजिडेंट के पद पर नियुक्त करते हुए तीन वर्ष की टेन्योर अवधि पूरा करने हेतु दिनांक–26.09.2017 को सदर अस्पताल, सिवान से विरमित किया गया। टेन्योर अवधि की समाप्ति के उपरान्त विभागीय अधिसूचना सं०–1544(2) दिनांक–18.11.2021 के द्वारा चिकित्सा पदाधिकारी (मूर्च्छक) अनुमंडलीय अस्पताल, नरकटियागंज, पश्चिमी चम्पारण के पद पर पदस्थापित किया गया। जिसके अनुपालन में डॉ० प्रसाद द्वारा योगदान समर्पित कर दिनांक–19.11.2021 से 23.08.2022 तक अनुमंडलीय अस्पताल, नरकटियागंज, पश्चिमी चम्पारण में कर्त्तव्य का निर्वहन किया गया। तत्पश्चात् स्वयं की अस्वस्थता के कारण दिनांक–24.08.2022 से वे कर्त्तव्य पर अनुपस्थित है। डॉ० प्रसाद के द्वारा स्वस्थ होने के उपरान्त पुनः पदस्थापित स्थान पर योगदान करने हेतु अनुरोध किया गया है।

2. डॉ० प्रसाद द्वारा योगदान करने हेतु किये गये अनुरोध के समीक्षोपरांत डॉ० प्रसाद का आवेदन स्वीकार करते हुए पूर्व के पदस्थापित स्थान पर योगदान कराने का निर्णय लिया गया है।

3. सिविल सर्जन, पश्चिम चम्पारण को निदेशित किया जाता है कि डॉ० प्रसाद को निर्गत आदेश के आलोक में योगदान स्वीकार करते हुए उन्हें पूर्व के पदस्थापित स्थान का प्रभार ग्रहण कराया जाय। डॉ० प्रसाद का योगदान करने की सूचना अविलंब विभाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय।

4. डॉ० विरेश्वर प्रसाद, चिकित्सा पदाधिकारी (मूर्च्छक), अनुमडलीय अस्पताल, नरकटियागंज, पश्चिम चम्पारण के विरूद्ध अनधिकृत अनुपस्थिति के आरोप में विभागीय संकल्प सं०–1003(9) दिनांक–15.08.2023 द्वारा संचालित विभागीय कार्यवाही के आधार पर आलोच्य अवधि के लिए निर्णय लिया जाएगा।

5. उपर्युक्त में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

ह०/–
(उपेन्द्र राम)
सरकार के अवर सचिव।

ज्ञापांक–9/विविध–13–01/2025(स्वा0) ....................../ पटना, दिनांकः–................................

प्रतिलिपिः–महालेखाकार, (ले0 एवं इक0) बिहार, पटना/प्रभारी पदाधिकारी, वित (वै0दा0नि0को0) विभाग, बिहार, पटना/कोषागार पदाधिकारी, पश्चिम चम्पारण को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–
सरकार के अवर सचिव।

ज्ञापांक–9/विविध–13–01/2025(स्वा0) 936(9)/ पटना, दिनांकः–18.8.25

प्रतिलिपिः–क्षेत्रीय अपर निदेशक, स्वास्थ्य सेवाएँ, तिरहुत प्रमण्डल, मुजफ्फरपुर/सिविल सर्जन, पश्चिम चम्पारण को निदेशित किया जाता है कि डॉ० विरेश्वर प्रसाद के कर्त्तव्य पर योगदान करने से संबंधित प्रतिवेदन विभाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगें।

प्रतिलिपिः–डॉ० विरेश्वर प्रसाद, चिकित्सा पदाधिकारी (मूर्च्छक), अनुमंडलीय अस्पताल, नरकटियागंज, पश्चिम चम्पारण को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः–माननीय स्वास्थ्य मंत्री के आप्त सचिव/अपर मुख्य सचिव, स्वा0 विभाग के प्रधान आप्त सचिव/सचिव, स्वास्थ्य विभाग, के प्रधान आप्त सचिव/विशेष सचिव, स्वास्थ्य विभाग/सभी निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाऐं, बिहार पटना के निजी सहायक/प्रभारी प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–2, 3, 7, 8, 17 एवं 18A स्थापना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि–आई0टी0 मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग को विभागीय वेबसाइट में प्रकाशनार्थ प्रेषित।

18/08/2025

सरकार के अवर सचिव।